Title: Re: Medical Insurance and other facilities to Junior Artist in Entertainment Industry.

श्री अनुभव मोहंती (केन्द्रपाड़ा): माननीय सभापति महोदय, इस सदन में कई ऐसे नेता हैं, जिनका बैकग्राउंड या बेसिस सिनेमा इंडस्ट्री या टेलीविज़न इंडस्ट्री से बिलांग करता है । इसमें कई माननीय मंत्री भी हैं ।

सर, मैं भी एक कलाकार हूँ । हम लोग हमेशा यहाँ पर आम लोगों की तकलीफों के बारे में बात करते हैं, उनकी आवाज़ उठाते हैं । मैं आज पहली बार सिनेमा में काम करने वाले जूनियर आर्टिस्ट्स के बारे में बोलना चाहूंगा, जिसमें ग्रुप डांसर्स, स्टंट मैन आदि होते हैं । यहाँ पर कल्चर एंड टूरिज्म के मिनिस्टर और ऑनरेबल एमओएस, फाइनेंस भी बैठे हैं । जो जूनियर आर्टिस्ट्स होते हैं, जो ग्रुप डांसर्स या स्टंट मैन होते हैं, ये साल में बहुत मुश्किल से पाँच-छः महीने के लिए काम पाते हैं । इनमें से ज्यादातर लोग डेली वेजेज़ के होते हैं । कोविड के बाद कई लोगों ने इस इंडस्ट्री को छोड़ दिया और अब वे गरीबी की जिन्दगी जी रहे हैं । उनके लिए दो वक्त की रोटी खाना भी बहुत मुश्किल हो गया है ।

मैंने ऐसी सिचुएशन भी देखी है, जहाँ पर कलाकार अस्पताल में एडमिट हुए, वे ठीक से चिकित्सा भी नहीं करा पा रहे थे, उनके मरने के बाद, उनके घर वालों के पास उनकी लाश तक को निकालने के पैसे नहीं थे, जिसे निकालने के लिए पॉलिटिशियन्स या बड़े लोगों को इंटरफेयर करना पड़ा ।

सर, मैं आपके माध्यम से, केन्द्र सरकार को दो-तीन सुझाव देना चाहूँगा । कल्चर एंड टूरिज्म मिनिस्टर और एमओएस, फाइनेंस यहाँ पर मौजूद हैं । मेरे ख्याल से, आपके माध्यम से, वे मुझे सुन रहे हैं । Sir, a benevolent fund may be created for providing relief to these artists particularly, during distress or financial crisis. There should be medical insurance to cover all their medical requirements. Cheap rental accommodation may be given to all these artists. हाउसिंग बोर्ड की तरफ से एक स्कीम हो, जिसके तहत इनको आसानी से घर मिल सके ।

A pension scheme may be brought for these artists so that they can survive once they are out of the job or are incapacitated due to permanent injury while on work or due to medical reasons or old age.

माननीय सभापति : आपका समय पूरा हो गया।

श्री अनुभव मोहंती : सर, मुझे अपनी बात पूरी करने दें।

माननीय सभापति : अब आप क्यों अपील कर रहे हैं? आप अपनी बात समाप्त कीजिए ।

श्री अनुभव मोहंती : मैं आपके माध्यम से, इस सदन में केन्द्र सरकार से विनती करना चाहूंगा कि हम कलाकार दुनिया को एंटरटेन करते हैं, दिन-रात मेहनत करते हैं। हमारी भी खुद की जिन्दगी होती है, लेकिन हमारे परिवार के लिए और अपने लोगों की जिम्मेदारी लेने की भी हमारी रेस्पांसिबिलिटी होती है, इसलिए आपसे अनुरोध है कि ऐसे जूनियर आर्टिस्ट्स- ग्रुप डांसर्स, स्टंट मैन, फाइट मास्टर्स की

जिम्मेदारी आप भी लें। बहुत-बहुत धन्यवाद। जय हिंद।